तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 दीपका खदान में डंपर में लगी आग चालक की सूझ बूझ से टला बड़ा हादसा



खबर संक्षेप

आज कोसाबाड़ी जोन में लगेगा सेवा सेतु शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा 8 अक्टूबर को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नागरिक संबंधित सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

पंजीकृत श्रमिकों के ई-केवाईसी हेतु कल विभिन्न वार्डों में लगेंगे शिविर

कोरबा। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के ई-केवाईसी में दर्ज जानकारी को आधार कार्ड के अनुरूप संशोधित करने के लिए कोरबा के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर 9 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे। शिविरों के लिए निर्धारित स्थानों में शक्तिनगर वार्ड क्रमांक 1 (क्रमांक 56), इमलीछापर वार्ड क्रमांक 64, जमीनीपाली वार्ड क्रमांक 54, सरदार वल्लभभाई पटेल नगर वार्ड क्रमांक 58, अयोध्यापुरी वार्ड क्रमांक 52, दर्री वार्ड क्रमांक 2 (क्रमांक 60), पहाड़मिार वार्ड क्रमांक 2 (क्रमांक 41), सर्वमंगला नगर वार्ड क्रमांक 62, रूमगरा वार्ड क्रमांक 47, पहाड़मिार वार्ड क्रमांक 1 (क्रमांक 40), बंगाली बस्ती वार्ड क्रमांक 46 और दर्री वार्ड क्रमांक 1 (क्रमांक 59) शामिल हैं।

कोयलांचल वासियों को सिटी बस की दरकार पार्षद लिखा पत्र

दीपका। गेवरा और दीपका परियोजनाओं के मध्य बसे नगर पालिका परिषद दीपका क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ सार्वजनिक परिवहन लंबे समय से एक बड़ी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र की जनता को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका के पार्षद अरुणीश तिवारी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर दीपका से विभिन्न मार्गों पर तत्काल सिटी बस सेवा शुरू करने की पुरजोर मांग की है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में आम नागरिक, खदान श्रमिक और विद्यार्थी अपने कार्यों व पढ़ाई के लिए अलग-अलग शहरों की ओर आवागमन करते हैं लेकिन सुरक्षित और सस्ते यातायात साधनों के अभाव में क्षेत्र की जनता को भारी आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 4 प्रमुख मार्गों पर बस चलाने का किया आग्रह किया है जिनमें दीपका से बलौदा बाजार, दीपका से कटघोरा, दीपका से कोरबा एवं दीपका से पाली तक शामिल है।

छात्राओं ने प्रस्तुत किए नुक्कड़ नाटक

कोरबा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा में जन-जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे विद्यालय के मुख्य प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों, स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रस्तुति में विद्यालय की 30 छात्राओं ने अभिनय और संवाद के जरिए सहभागिता की। कार्यक्रम में लगभग 4सौ छात्राएं उपस्थित रहीं। पवन गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

प्रशासन की कार्रवाई के बाद हरकत में आया मनरेगा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम तिलकेजा में पीएम आवास घोटाले के मामले पर जिला प्रशासन के द्वारा 4 कर्मियों को बर्खास्त कर एफआईआर कराए जाने की कार्यवाही के बाद मनरेगा अमला हरकत में आ गया है और दो माह से भुगतान की राशि के लिए भटक रहे हितग्राही के खाते में कार्यवाही से बचने के भय में राशि जारी कर दी गई। हालांकि ऐसे और भी गड़बड़ियां है जिनपर प्रशासनिक कार्यवाही होना बाकी है।

इस पूरे मामले के अनुसार जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत कथरीमाल निवासी गौतम प्रसाद ने जनदर्शन में कलेक्टर से शिकायत की थी कि निर्माण कार्य की 64 हजार रुपए उसे नहीं दी गई है। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को जांच के आदेश दिये थे। बताया जाता है कि गौतम प्रसाद के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत वर्ष 2022 में पक्के फर्श कोटना निर्माण के लिए स्वीकृति करायी गई थी। इस काम के लिए कुल 77 हजार रुपए स्वीकृत कराया गया जिसमें 64 हजार रुपए की सामग्री एवं 13 हजार रुपए मजदूरों के लिए निर्धारित की गई थी। शिकायत के मुताबिक निर्माण कार्य जुलाई 2022 से अगस्त 2023 के बीच कराया गया। निर्माण की देखरेख रोजगार सहायक धनराज दीवाकर के द्वारा किया गया है लेकिन काम पूरा होने के बाद महज 13 हजार रुपए मजदूरी भुगतान की राशि उसके खाते में जारी की गई लेकिन सामग्री की 64 हजार रुपए नहीं मिली है जिसके लिए लगातार जनपद पंचायत का चक्कर काटता रहा लेकिन रोजगार सहायक के द्वारा टाल मटोल किया जाता रहा। राशि नहीं मिलने के कारण उसके आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा था। कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन के द्वारा विभागीय अधिकारियों के द्वारा इसकी जांच करायी गई तो शिकायत की पुष्टी हुई।

हितग्राही के खाते में दो माह बाद पहुंची भुगतान की राशि

खास बातें

- जनपद से लेकर जिला पंचायत तक काट चुका था चक्कर



हटाये गए रोजगार सहायक

जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जनपद पंचायत करतला के प्रस्ताव पर रोजगार सहायक धनउ दीवाकर को कथरीमाल के रोजगार सहायक के पद से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के तहत 31 जुलाई एवं 13 अगस्त को रोजगार सहायक द्वारा शासकीय योजना में किसी भी हितग्राही की मजदूरी राशि अन्य व्यक्तियों के बैंक खाते में अंतरित किया जाना गंभीर एवं वित्तीय कदाचार तथा नियमों के सर्वथा विपरीत पाया गया है।

शासन ने इस वर्ष से प्रोत्साहन राशि दस से बढ़ा कर पंद्रह हजार कर दी

प्रोत्साहन राशि लेने किसान टिकरा जमीन में अन्य फसल लेने का करा रहे हैं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि दस हजार से बढ़ा कर पंद्रह हजार

खास बात

- आरईओ जुटे विभागीय लक्ष्य को पूरा करने

किये जाने के बाद किसान टिकरा जमीन मे अन्य फसल लेने का पंजीयन करा रहे हैं जिससे पिछले वर्ष से पंजीयन संख्या इस वर्ष बढ़ गई है। हालांकि पंजीयन का दौर अभी भी जारी है।

कृषि विभाग धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए किसानो बीते वर्ष से प्रोत्साहित किया जा रहा है शासन ने भी इसके लिए दी जाने



फाइल फोटो

वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ा कर 15 हजार कर दिया है जो पिछले वर्ष 10 हजार हुआ करती थी इस आदेश के बाद प्रोत्साहन राशि लेने के लिए किसान अब तेजी से पंजीयन करा रहे है और इसके लिए टिकरा जमीन का सहारा ले रहे है क्योंकि फसल गिरदावरी के दौरान टिकरा जमीन की गिरदावरी नहीं हो रही है। लिहाजा किसान टिकरा जमीन मे अन्य फसल लेने का पंजीयन करा रहे है शासन के द्वारा अधिक से अधिक किसानो को अन्य फसल के लिए जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है उस लक्ष्य को पूरा करने आरईओ अधिक से अधिक किसानो का पंजीयन करा रहे है इस समय गाँव गाँव पंजीयन शिविर लग रहे है। जहाँ किसान अन्य फसल के लिए पंजीयन मे जुटे हुए है। धान की फसल के अलावा मूंग, अरहर, चना, कोदो, रागी की भी फसल ले रहे हैं। इन फसलों का रकबा पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है इस वर्ष धान का रकबा लगभग 92 हजार हेक्टेयर है बीते वर्ष यह रकबा 1 लाख हेक्टेयर था।

नहीं कम हो रहे धान बेचने वाले किसान

अन्य फसल के लिए पंजीयन होने के बाद भी धान बेचने वाले किसानो की संख्या कम नहीं हो रही है लगभग 52 हजार किसानों ने पिछले वर्ष धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था इस वर्ष यह संख्या और बढ़ सकती है विभाग के अनुसार जो किसान अन्य फसल के लिए पंजीयन करा रहे वो धान बेचने के लिए भी पंजीयन करा रहे है इस वजह से भी संख्या बढ़ रही है।

भौतिक सत्यापन हो गया जरुरी

जिस तरह से किसान फसल लेने के लिए अपना पंजीयन करा रहे उससे उक्त खसरे नम्बर वाली जमीन का भौतिक सत्यापन भी जरुरी हो गया है जिससे यह पता चल सके की किसान जिस खसरे नंबर की जमीन का अन्य फसल के लिए पंजीयन कराया है उक्त जमीन मे अन्य फसल ली जा रही है या नहीं।

12 सौ किसानों का हुआ पंजीयन

अन्य फसल के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक 12 सौ किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन की कार्रवाई अभी भी चल रही है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक, कृषि

कोरबा पश्चिम की राखड़ पाइपलाइन फटी



पाइप लाइन से निकलता हुआ राखड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह पश्चिम के पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश की मुख्य पाइपलाइन डांडपारा के पास फट गई। पाइपलाइन फटने से निकल रहा लाखों लीटर ज़हरीला राखड़ का पानी डांडपारा के समीप स्थित रिटर्न केनाल के रास्ते सीधे कोरबा की जीवनदायिनी हसदेव नदी में समा रहा है।

हसदेव ताप विद्युत गृह पश्चिम के पावर प्लांट की राखड़ पाइपलाइन फटने से जीवनदायनी हसदेव नदी एक बार फिर प्रदूषित हो गई। इसके साथ ही बिजली कंपनी के मेंटेनेंस के दावों की पोल खोल दी है। स्थानीय ग्रामीणों और औद्योगिक विशेषज्ञों का साफ कहना है कि नियमित देखरेख और मेंटेनेंस के अभाव में अक्सर इस तरह की पाइपलाइन फटने की घटनाएं सामने आती हैं। औद्योगिक हादसों के बाद पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन ठोस और दंडात्मक कार्रवाई नहीं होने से बिजली प्लांट प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। देखरेख के अभाव में बार-बार होने वाले इन हादसों से न केवल लाखों लीटर पानी प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आसपास की ज़मीन भी बंजर हो रही है। ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर पर्यावरणीय नियमावली के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

दीपका में सरेआम चाकूबाजी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका चौक पर 2 अक्टूबर को बधाई मांगने को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में आखिरकार पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी शुभम जाधव और चंडी

खास बात

- दो अक्टूबर को हुआ था खूनी संघर्ष

बाबू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद किया गया है।

बताया जा रहा है कि 2 अक्टूबर को दीपका के व्यस्त चौक पर दिनदहाड़े लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के साथ जमकर हंगामा हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। वीडियो सामने आने के बाद व्यापारियों और आम लोगों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर नाराजगी देखी गई। घटना के बाद वायरल वीडियो को लेकर पुलिस की शुरुआती कार्रवाई पर सवाल उठने लगे थे। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम जाधव और चंडी बाबू के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी किन्नर शैली और उसके साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार किन्नर शैली और शुभम जाधव के बीच करीबी संबंध होने की बात भी सामने आई है। हालांकि इस संबंध में पुलिस की विस्तृत जांच अभी जारी है।

आरोपी से हथियार बरामद

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल धारदार चाकू बरामद किया है। मामले में अभी कुछ अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अब सवाल यह है कि दिनदहाड़े दीपका चौक पर हथियार लहराकर तांडव करने वाले बाकी आरोपियों तक पुलिस कब पहुंचती है।

चोरों ने दीवान में रखी रकम को किया पार

कोरबा। बांकीमोगरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इंदिरा नगर में निवासरत एक परिवार के यहां आगामी दिनों में वैवाहिक समारोह को लेकर तैयारी की जा रही थी। विभिन्न खर्चों के लिए परिवार ने लगभग 18 लाख रुपए की रकम जुटाई थी। संबंधित रकम को घर के कमरे के दीवान में रखा गया था। संबंधित परिवार ने एक नया मकान भी बनवाया है। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से बारी-बारी से नए और पुराने मकान में उनकी उपस्थिति दर्ज होती रहे। इसी दरमियान पुराने मकान में चोरों ने घुसकर यहां पर रखी लाखों की रकम पार कर दी। घटना की खबर होने से परिवार पर आफत आ गई। समस्या यह है कि इस मामले में अगर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई भी जाती है तो स्रोत को लेकर जानकारी देना मुश्किल हो रहा है। पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि घर में रखी रकम को लेकर आखिर चोरों के पास जानकारी कैसे पहुंच गई। संभावना जताई जा रही है कि चोरों की हरकत के उजागर होने पर इसका खुलासा होगा।

पति को किसी और महिला के साथ देख भड़की पत्नी, जमकर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी अस्पताल के एक क्लर्क के विवाहेत्तर सम्बन्ध के कारण पति-पत्नी और वो में मारपीट हो गई। पत्नी ने अपनी बहन के साथ जाकर जब पति को उसकी महिला मित्र के साथ पकड़ा तो दोनों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान पति व उसके महिला मित्र ने भी पत्नी व उसकी बहन के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम घरीपखना का है। 5 अक्टूबर को अंशुल सिह भारज व उसकी महिला मित्र मरकाम के द्वारा मारपीट की गई। पीड़ता ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि पति अंशुल सिह भारज निवासी घरीपखना, आज घर नहीं आऊंगा कहकर बोले थे, इसी कारण वह अपने पति से मिलने माचाडोली अस्पताल अपनी बहन के साथ गई थी। चूंकि उसी दिन सुबह पति कि विवाहेत्तर सम्बन्ध को लेकर बहस हुआ था, और महिला मित्र जिससे पति का अवैध संबंध है, उसके द्वारा फोन करके

खास बातें

- कटघोरा ताना क्षेत्र के ग्राम घरीपखना का मामला
- अस्पताल स्टाफ क्वार्टर में पति पत्नी और महिला मित्र के बीच हुई मारपीट

बोला गया था,कि हम लोग कोर्ट मैरिज करेंगे। इसी बात पर बहस होने के बाद पीड़ता अपने पति से मिलने उसके कार्यस्थल गई थी। सुलह करने वहां पहुंचने पर अस्पताल में पति नहीं थे। स्टाफ द्वारा बताया गया कि उनका एक क्वार्टर है, शायद वहां हो सकते हैं। तब पत्नी अपनी बहन के साथ पति के क्वार्टर गये तो वहां दरवाजा बंद था। दरवाजा खटखटाने पर पति द्वारा काफी समय बाद दरवाजा खोला गया और अंदर आने से मना किया। क्यों अंदर आओगे कहकर गाली-गलौच और मारने की धमकी दिया। आंशका होने पर पत्नी जब जबरजस्ती अंदर गई तो फिर से पति द्वारा रोका गया, धक्का-मुक्की किया और जान से मारने की धमकी दी गई। अंदर जाने पर आपत्तिजनक अवस्था दिखी। आरोप है कि इस दौरान पति अंशुल सिह और महिला मित्र मरकाम के द्वारा पीड़ता पत्नी को मारने के लिए हथौड़ा उठाया गया और पत्नी व उसकी बहन पर वार किया गया। इसी छीना झपटी में प्रार्थिया भी महिला मित्र मरकाम को मारने के लिए आगे आई फिर दोनों के बीच भी हाथापाई हुआ व चोटें आईं। दोनों बहनें जैसे-तैसे जान बचाकर अपने घर आये। पति द्वारा उस महिला से अवैध संबंध के ⏭शेष पेज 3 पर

धनसलेहा में दंतैल ने ढहाया मकान

कोरबा। कटघोरा वनमंडल के पसान सर्किल में विचरणरत 52 हाथियों के झुण्ड में से एक दंतैल हाथी बीती रात अलग होकर पसान पंचायत के धनसलेहा मोहल्ला पहुंच गया और वहां अनूप नामक एक ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया जबकि शेष हाथियों ने खेतों में पहुंचकर धान फसल को नुकसान पहुंचाया है। बताया जाता है कि हाथियों का झुण्ड बनखेता क्षेत्र में विचरणरत है, जिसमें एक लोनर हाथी भी शामिल है। यह हाथी झुंड से अलग होकर बस्ती में पहुंचा था। जिस समय दंतैल ने ग्रामीण के घर को ढहाया वहां कोई भी मौजूद नहीं था। हाथियों के क्षेत्र में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव में पहुंच गई थी और मुनादी कराकर सुनसान क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था।

त्योहारों पर कर्मचारियों की बढ़ेगी खुशी

बालको कर्मियों को मिलेगा 2 लाख 17 हजार का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन और इंटक के बीच हुए समझौते के बाद इस साल कर्मचारियों को पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा बोनस देने पर सहमति बनी है। समझौते के तहत बालको के 820 नियमित कर्मचारियों को 2 लाख 17 हजार 500 रुपये बोनस मिलेगा। यह राशि पिछले साल मिले बोनस से करीब 29 हजार रुपये अधिक है। कर्मचारियों के खातों में बोनस की राशि सप्तमी-अष्टमी के आसपास जमा किए जाने की तैयारी है।

बालको के अलावा कोरबा के दूसरे औद्योगिक और कोयला क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी त्योहारों के पहले भुगतान से जुड़ी कई अहम घोषणाएं हुई हैं। बालको में



फाइल फोटो

अलग-अलग ठेका कंपनियों के जरिए काम करने वाले करीब 10 हजार कर्मचारियों को उनके वेतन का 8.33 प्रतिशत बोनस मिलेगा। ग्रेड के हिसाब से यह राशि लगभग 22 हजार से 45 हजार रुपये तक हो सकती है। ठेका कर्मचारियों को दशहरा से पहले बोनस देने की तैयारी की जा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में बालको के नियमित कर्मचारियों को 1,88,212 रुपये बोनस मिला था। इस बार यह राशि बढ़ाकर 2,17,500 रुपये कर दी गई है। यानी कर्मचारियों को पिछले साल की तुलना में 29,288 रुपये ज्यादा मिलेंगे। बोनस में हुई इस बढ़ोतरी से कर्मचारियों के बीच त्योहारों से पहले खुशी का माहौल है।

एनटीपीसी कर्मचारियों को पीआरपी का इंतजार

एनटीपीसी के कर्मचारियों को बोनस की जगह परफॉर्मेंस रिलेटेड पे यानी पीआरपी के तहत भुगतान किया जाएगा। इसके लिए 12 अक्टूबर तक अधिकृत आदेश जारी होने की संभावना है। पिछले वर्ष कर्मचारियों को ग्रेड के अनुसार 1.50 लाख से 4.50 लाख रुपये तक पीआरपी मिली थी। इस बार भी इससे ज्यादा राशि मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

ठेका कर्मचारियों को भी मिलेगा बोनस

बालको में विभिन्न ठेका कंपनियों के माध्यम से काम करने वाले करीब 10 हजार कर्मचारियों को भी बोनस का लाभ मिलेगा। इन कर्मचारियों को उनके वेतन का 8.33 प्रतिशत बोनस दिए जाने की जानकारी सामने आई है। कर्मचारियों के ग्रेड के अनुसार बोनस की रकम करीब 22 हजार से 45 हजार रुपये तक हो सकती है। प्रबंधन की ओर से दशहरा से पहले भुगतान की तैयारी की जा रही है।

ढ़ाई घंटे तक धूप में भूखे-प्यासे बैठकर ओपनिंग का इंतजार करते रहे सैकड़ों बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बिलासपुर पहुंचे प्रदेश के सभी जिले के बच्चों को ओपनिंग के लिए तेज धूप में बैठकर भूखे-प्यासे बैठकर ढ़ाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा। सुबह 10.30 बजे का ओपनिंग प्रोग्राम दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर शुरु हुआ, जिसके डेढ़ घंटे के बाद खत्म होते ही बच्चें सबसे पहले भोजन और पानी के लिए दौड़ पड़े।

लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 10 अक्टूबर तक बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में किया जा रहा है। इसमें हॉकी, आर्चरी और कबड्डी में मेजबान बिलासपुर जोन के साथ सरगुजा, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के 600 से अधिक बच्चों के अलावा कोच, मैनेजर, आफिशियल्स हिस्सा लेने पहुंचे हैं। प्रतियोगिता के शेड्यूल के हिसाब से ओपनिंग का समय सुबह 10.30 बजे का रखा गया था। इसके लिए सभी बच्चों के साथ कोच, मैनेजर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सुबह 9 बजे से आउटडोर ग्राउंड में बुला लिया गया था, ताकि अतिथियों के आने से पहले बच्चों का रिहर्सल हो सके। बच्चे समय से पहले ग्राउंड पहुंच गए, लेकिन सुबह 10.30 बजे तक न तो कोई अतिथि स्टेज तक पहुंचे और न ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्राउंड के आसपास दिखाई दिए। इसके कारण बच्चे ग्राउंड में ही इधर-उधर घूमना शुरु कर दिए। 11 बजे बच्चो का रिहर्सल कराने के बाद अतिथियों के दो मिनट में पहुंचने की जानकारी लगातार दी गई, लेकिन यह दो मिनट का समय ढ़ाई घंटे से अधिक का लग गया। कार्यक्रम शुरु होने के इंतजार करते बच्चे धूप में भूखे-प्यासे बैठे रहे। विभाग की ओर से न तो उन्हें पानी के लिए और न ही खाने के लिए पूछा गया। इसकी वजह से मार्च पास्ट के दौरान बच्चे भी काफी सुस्त दिखाई दिए।

छात्र का पीछा कर युवकों ने की मारपीट

बिलासपुर। जिम से घर जा रहे छात्र का पीछा कर युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जोरापारा निवासी ईशांत पवार पिता महेन्द्र कुमार पवार साइंस कालेज में एमएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 6 अक्टूबर की रात 9.30 बजे वे जिम से बाइक में घर जा रहे थे। जोरापारा मोड़ के पास पीछे एक बाइक में दो लोग पीछा करते हुए आए, कोहिनूर नाम के लड़के ने बाइक से उतरकर अपने दो अन्य साथियों को बुला लिया। तीनों युवक उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर कोहिनूर एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोटवार की मौत, कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय के घेराव की दी चेतावनी



बिलासपुर। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेवती में करेंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवा कोटवार की मौत हो गई। घटना के तीन-चार दिनों बाद तार से मृतक का लाश चिपका मिला जिससे पूरे क्षेत्र में मातम और भारी रोष है। घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सात दिनों में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई एवं उचित मुआवजा नहीं मिलने पर तिफरा चीफ इंजीनियर कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है। पीड़ित परिवार से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष सुनील साहू, जिला शहर महामंत्री महेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संत सर्वे, हेमंत मनहर, राहुल राजपूत, अक्षय नवरंग, प्रेमप्रकाश कुर्रे, राहुल भारद्वाज आदि शामिल थे। लक्ष्मीनाथ साहू का कहना है कि विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था और अधिकारी-कर्मचारियों की अकर्मण्यता ने एक युवा कोटवार की जान ले ली है। यदि विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाता तो आज एक परिवार तबाही से बच जाता। ग्राम सेवती में एलटी लाइन का तार पिछले 15-17 दिनों से टूटकर गिरा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी लिखित एवं मौखिक सूचना विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तथा जूनियर इंजीनियर को समय रहते दे दी थी। सूचना मिलने के बावजूद जब लाइनमेन मौके पर पहुंचा और वे बिना कार्य सुधारे चले गए। कांग्रेस नेताओं ने मृतक के परिवारजनों से चर्चा कर आश्वस्त किया है कि हम इस लड़ाई को अंतिम अंजाम तक लडेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन से दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल जांच कर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की जाएगी।

ओडिशा से छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में गांजा की तस्करी, महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। ओडिशा से गांजा लाने के बाद छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में गांजा की तस्करी की जा रही थी। इन तस्करों को जीआरपी की टीम ने लाखों रुपए के गांजा सहित पकड़ा है, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी प्रदेश के सभी स्टेशन में आपरेशन नारकोस के तहत लगातार अभियान चला रही है।


आरोपी

इसमें मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनों में निगरानी भी बढ़ा दी गई है। इसके तहत जीआरपी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनुपाली संबलपुर ओडिशा निवासी पंकजनी बेहरा पति राधे बेहरा 40 साल, जुजुमुरा ओडिशा निवासी रीना पटनायक पति स्व. राम पटनायक 60 साल, बुरहानपुर मध्यप्रदेश निवासी आयुष कुशवाहा पिता मुकेश कुशवाहा, संबलपुर ओडिशा निवासी हितेश कुमार भोई पिता सोरू भाई को पकड़ा था। चारों के पास से 27 लाख 57 हजार 500 रुपए कीमती 55 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने के बाद सदर जिला संबलपुर ओडिशा निवासी रंजन पटनायक पिता जयंता पटनायक 41 साल की तलाश करने के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में जीआरपी को जानकारी मिली कि चारों आरोपी गांजा की तस्करी करने थे, जिन्हें धृतरापारा संबलपुर ओडिशा निवासी अनुपमा मोहंती पति सुधांशु मोहंती 45 साल की ओर से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में गांजा की तस्करी करने के लिए कमीशन दिया जाता था। इस मामले में मुख्य आरोपी की खोजबीन करने के बाद जीआरपी की टीम ने अनुपमा मोहंती को गिरफ्तार कर एंड टू एंड कार्रवाई की है।

मारपीट करने वाला रिसार्ट का मैनेजर गिरफ्तार

बिलासपुर। बीती रात नशे में रिसार्ट के मैनेजर ने घर में घुसकर एक व्यक्ति से मारपीट करने के बाद रास्ते में दो लोगों से गाली गलौज कर उन्हें झपट्टा मारा। पुलिस ने तीन मामला दर्ज कर मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, कोटा पड़ावपारा निवासी आकाश तिवारी पिता नागेश्वर प्रसाद तिवारी 35 साल कोरीडेम के पास स्थित एक रिसार्ट में मैनेजर है। 6 अक्टूबर की रात उसने नशे में एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर उनकी पत्नी से धक्का मुक्की की। उसके बाद वहां से निकलकर वह रास्ते में एक एक व्यक्ति से मारपीट कर गाड़ी की चाबी लूट ली।

रेलवेकर्मी के घर से जेवर सामान ले उड़े चोर

बिलासपुर। रेलवेकर्मी के घर की खिड़की की राड तोड़कर जेवर, नकद व अन्य सामान की चोरी कर ली गई। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे कालोनी निवासी रेलवेकर्मी हरेसिंग धुर्वे 4 अक्टूबर को शाम 6 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने चाचा ईश्वर धुर्वे के घर देवरीखुर्द चले गए। खाना खाने के बाद रात 9 बजे वे अपने घर आए और ताला खोलकर अंदर गए। पीछे की खिड़की की राड टूटा हुई थी। सोने की अंगूठी, बर्तन, इंडक्शन चूल्हा, 1 हजार रुपए नकद सहित 50 हजार का सामान चोरी हो गई थी। 6 अक्टूबर को श्री धुर्वे ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

पति ने पत्नी से की मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पेशी के दौरान कुटुम्ब न्यायालय के काउंसिलिंग रूम में पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, चोरभट्ठीकला निवासी पूर्णिमा सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पति चंद्रप्रकाश सूर्यवंशी उन्हें व तीन बच्चों को छोड़कर कुटुम्ब न्यायालय में तलाक की अर्जी लगाई है। 7 अक्टूबर को वे पेशी में अपने पिता को साथ न्यायालय आए थे। काउंसिलिंग के दौरान उनके पति ने कहा उस पर जो आरोप लगाया है उसे स्वीकार कर ले। उन्होंने ने मना किया तो हाथ मरोड़कर मारपीट शुरू कर दी। काउंसलर ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया। बाहर निकलने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर कोर्ट परिसर से चला गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर चंद्रप्रकाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

कार्यालय सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

"प्रारुप-घ"

(नियम-5 का उपनियम (1))

अधिसूचना

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202605042100002/बी-121/2025-26 राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ भूमिगत पाइप लाईन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2004 (क्रमांक 7 सन 2004) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रायगढ़ को अधिसूचना क्रमांक- 1384 / अविअ./ भू-अर्जन / 2026, रायगढ़ दिनांक- 10.06.2026 द्वारा उक्त अधिसूचना से संलग्न अनुसूची मे विनिर्दिष्ट भूमि में एनटीपीसी लारा परियोजना के लिए जल परिवहन द्वारा साराडीह बैराज से भूमिगत पाइप लाईन बिछाने के प्रयोजन के लिए उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा की थी।

और उक्त अधिसूचना राजपत्र में दिनांक- 19.06.2026 को प्रकाशित की गई तथा कलेक्टर, सक्षम प्राधिकारी, तहसीलदार कार्यालय के नोटिस बोर्ड के साथ ग्राम पंचायत एवं संबंधित ग्राम के लोक समागम स्थल पर अधिसूचना प्रकाशित कर इसकी सूचना भूमिस्वामी / अधिभोगी को भी दी गई है और उन्हें अनुज्ञात कर दिया गया है। और उक्त भूमिगत पाईप लाईन बिछाने के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार कर लिया गया है और उन्हें अनुज्ञात कर दिया गया है।

अतएव अब सक्षम प्राधिकारी एतद्वारा उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उक्त भूमि में पाइप लाईन बिछाने के लिये भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाता है। और एतद्वारा धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा, इस घोषणा के प्रकाशन की तारीख से पाइप लाईन के लिये भूमि में उपयोग का अधिकार सभी विल्लगंमो से मुक्त होकर राज्य सरकार में निहित होगी।

अनुसूची:- ग्राम- बुनगा, प.ह.नं.- 40, तहसील- पुसौर, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

खसरा नं.	अर्जित भूमि (हेक्टे. में)	खसरा नं.	अर्जित भूमि (हेक्टे. में)	खसरा नं.	अर्जित भूमि (हेक्टे. में)	खसरा नं.	अर्जित भूमि (हेक्टे. में)
97	0.081	68/13	0.020	58/5	0.023	360/1	0.168
90/2	0.022	358/1	0.073	58/2	0.023	360/4	0.091
90/3	0.022	68/18	0.067	58/4	0.023	360/6	0.091
94/2	0.134	68/20	0.085	55/3	0.061	362/1	0.089
90/1	0.070	68/2		55/1	0.101	366/1	0.120
90/4	0.036	68/6		307	0.160	367/1/क	0.151
91/1	0.105	67/1	0.096	308/1	0.110	367/2/क	0.130
94/1	0.053	64/2	0.036	302/2	0.061	367/2/ग	0.096
88/5	0.036	67/3	0.120	313/1	0.041	365/3	0.061
94/3	0.056	67/14	0.080	315/3	0.020	365/4	0.059
88/6	0.020	67/2	0.032	316	0.075	366/2	0.020
88/7	0.020	67/10	0.045	301/6	0.020	366/3	0.177
89/3	0.093	67/15	0.301	317/2	0.081	384/2	0.116
94/7	0.020	65		317/3	0.021	384/3	0.101
92/1/क	0.045	60/1/ग	0.118	318/1	0.073	384/7	0.068
92/3	0.090	61	0.110	318/5		384/5	0.020
92/1/ख	0.032	62	0.020	318/2	0.101	384/8	0.067
92/2	0.016	60/1/क	0.085	318/3	0.101	384/1	0.138
72/3	0.261	60/4	0.045	318/4	0.060	384/4	0.067
	0.061	60/2	0.060	320/8	0.085	382/4	0.101
72/2	0.148	59/1	0.041	320/3	0.085	382/1/क	0.052
71/2	0.030	59/4	0.041	320/7	0.044	382/1/ठ	0.130
67/11	0.047	59/3	0.036	320/2	0.054	108	7.823
71/1	0.116	58/1	0.008	321	0.202		
72/1	0.036	58/6	0.008	369/1/घ	0.065		
70/3	0.227	58/7	0.008	369/1/5	0.101		
69/2	0.004	58/8	0.008	360/3	0.112		
69/1	0.085	58/3	0.016	360/2	0.025		
70/1	0.091	58/9	0.016	360/5	0.150		

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

(महेश शर्मा)
सक्षम प्राधिकारी
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

जी-262703748/1

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	200470 प्रथम आमंत्रण 28.09.2026	शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज जिला बलरामपुर - रामानुजगंज में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य।	286.94
2	200471 प्रथम आमंत्रण 28.09.2026	जिला जशपुर में ए.डी.आर. सेंटर भवन का निर्माण कार्य, जमा मद ।	242.04
3	200473 प्रथम आमंत्रण 28.09.2026	जिला जशपुर के खूटाटांगर से भूरसाकोना पहुंच मार्ग लं. 1.44 कि. मी. का निर्माण कार्य।	218.12
4	200238 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जिला सरगुजा के अंबिकापुर के लरंगसाय चौक से रामानुजगंज मार्ग लंबाई 6.38 कि.मी. का फोरलेन चौडीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित।	5900.95
5	200517 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जिला धमतरी के केरेगांव गट्टासिल्ली मार्ग के कि.मी. 4/10 पर सेन्दुर नदी में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	896.22
6	200518 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जिला बस्तर के मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर एयर स्ट्रीप में रायडिंग क्वालिटि इम्प्रवमेंट (पिरेडिक रिनीवल) के निर्माण कार्य, जमा मद ।	2150.44
7	200522 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	नेवसा से गढवट मार्ग लंबाई 6.325 कि.मी. का निर्माण कार्य।	684.90
8	200523 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जिला जशपुर के पत्थलगांव में ऑडिटोरियम (सभागार) का निर्माण कार्य।	392.53
9	200559 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जमा मद अंतर्गत जिला - सुकमा के कुन्ना मिचवार मार्ग के कि.मी. 5/6 फुल नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	678.62
10	200566 प्रथम आमंत्रण 29.09.2026	जिला बलरामपुर रामानुजगंज के जनकपुर से लाटाघाट रिहन्द नदी तक मार्ग लंबाई 4.75 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	794.46
11	200590 तृतीय आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर के आरंग नगर स्थित शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी महाविद्यालय में 300 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	671.25
12	200592 तृतीय आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायगढ के बनोरा से डुमरपाली मार्ग में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	381.86
13	200593 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला बालोद के राजनांदगांव अर्जुन्दा गुण्डरदेही (राज्य मार्ग -23) के कि.मी. 17,18, 23, 24, 28, 29, 30 से 35 = 12.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।	1002.17
14	200595 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर छ. ग. में आंतरिक मरम्मत, नवीनीकरण, जीर्णोधार फसाड लाईटिंग उन्नयन कार्य एवं आंतरिक रेनोवेशन कार्य, विद्युतीकरण सहित (जमा मद का कार्य)।	3023.93
15	200596 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर नवा रायपुर अटल नगर में लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3 एवं संभागीय कार्यालय (वि/यां.) के लिए कार्यालय भवन-2 एवं 4 नग अनुविभागीय कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।	899.90
16	200597 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला जशपुर के वि.ख. पत्थलगांव के इंदिरा चौक से जशपुर रोड लं. 2.00 कि.मी. इंदिरा चौक से अंबिकापुर रोड लं. 1.50 कि.मी. एवं इंदिरा चौक से रायगढ़ रोड लं. 3.80 कि.मी. कुल लंबाई 7.30 कि.मी. का उन्नयन एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य ।	2649.37
17	200599 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला कोरिया के केन्दई बरदर बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. सीमा मार्ग लं. 20.46 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	1529.38
18	200600 तृतीय आमंत्रण 30.09.2026	जिला बिलासपुर के चितावार अमोरा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	350.78

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 11, स.क. 12, सं.क्र. 18 दिनांक 12.10.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 21.10.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण
विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-262703767/3

छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

प्रथम निविदा आमंत्रण

ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

स. क्र.	नि.आ. सू.क्र.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र	राशि (रू. लाख)
1	11124	जिला कबीरधाम के ब्लॉक पंडरिया के ग्राम कुण्डा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	अ	233.86
2	11125	जिला बालोद के ब्लॉक बालोद के ग्राम लाटाबोड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	अ	233.86
3	11126	जिला राजनांदगांव के ब्लॉक डोंगरगढ़ के ग्राम बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	अ	233.86
4	11127	जिला रायपुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन किये जाने का कार्य ।	अ	233.86
5	11128	जिला धमतरी अंतर्गत मगरलोड में नवीन शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	अ	233.86
6	11129	जिला बीजापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में फायर फायटिंग सिस्टम स्थापित किये जाने हेतु।	ब	32.82
7	11130	जिला कांकेर सिविल अस्पताल पखांजूर में 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड का शेष निर्माण कार्य।	अ	17.63
8	11131	जिला बस्तर के स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के द्वितीय तल पर स्त्री रोग वार्ड, प्रथम तल पर 20 बिस्तर का मनोरोग वार्ड एवं प्रथम तल पर त्वचा रोग वार्ड का निर्माण कार्य।	अ	193.59
9	11132	जिला कांकेर के ब्लॉक दुर्गकोंदल के तरहुल में आयुर्वेदिक औषधालय भवन का शेष निर्माण कार्य।	अ	12.21
10	11133	जिला सुकमा ब्लॉक सुकमा के केरलापाल में आयुर्वेदिक औषधालय भवन का शेष निर्माण कार्य।	अ	12.20
11	11134	जिला कांकेर के आयुष औषधालय नरहरपुर जामगांव, दबेना, लखनपुरी, पुरी, परसोदा, भैसाकन्हार, भानबेड़ा, संबलपुर, कच्चे, केंवटी, हाटकोंदल, तरहुल, बरहेली, कोदापाखा, पनावार कोदाभाट (होम्योपैथी), कांकेर राजापारा (होम्योपैथी) में नवीन शौचालय का निर्माण कार्य। (18 नग)	अ	48.06
12	11135	जिला बीजापुर के आयुष औषधालय नेलसनार, फरसेगढ़, धनोरा, तुमनार गंगालूर, मुरकीनार, मुरदण्डा एवं चेरपल्ली में नवीन शौचालय का निर्माण कार्य। (08 नग)	अ	21.36
13	11136	जिला बस्तर के आयुष औषधालय ईच्छापुर कुम्हली, राजुर, मूली, चन्द्रगिरी, उलनार करपावण्ड, कुम्हारसाडरा, हर्राकोडेर कुकानार, सोरगांव, कुगरापाल एवं बजावण्ड में नवीन शौचालय का निर्माण कार्य। (13 नग)	अ	34.71
14	11137	जिला दंतेवाड़ा के आयुष औषधालय कुम्हाररास, मोलसनार रॉजे, छिंदनार मोखपाल, मैलावाडा, समेली, धुरली (होम्योपैथी), किरंदुल (होम्योपैथी), प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र बड़ेबचेली, पोंडुम, मेटापाल, बड़ेतुमनार फरसपाल, भूसारास, पोटाली, पालनार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम एवं कुआकोंडा (स्पेशिलिटी क्लीनिक) में नवीन शौचालय का निर्माण कार्य। (19 नग)	अ	50.73
15	11138	जिला कोण्डागांव के आयुष औषधालय बम्हनी, मुनगापदर, बासकोट, हीरापुर, सिंगरपुर में नवीन शौचालय का निर्माण कार्य। (05 नग)	अ	13.35
16	11139	जिला बस्तर वि.ख. बस्तर के कुंगारपाल में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय भवन का निर्माण कार्य।	अ	15.30
17	11140	जिला जशपुर के शासकीय आयुर्वेद होम्योपैथी जशपुर शासकीय आयुर्वेद औषधालय इचकेला, लोखडी, बंदरचुवा, बटईकेला, करडेगा, तुमला, रनपुर रौनी, बगीचा, सुलेसा, सरईपानी, नारायणपुर अंकिरा, बेलमाण्ड, बिरेतरा, करहीभदर, लाटाबोड, नवारीकला, निपानी, कवर, अरकार, अरमरीकला, कड़गांव एवं भण्डेरा में शौचालय निर्माण कार्य।	अ	71.00
18	11141	जिला कोरिया के शासकीय आयुर्वेद औषधालय नवगई, कटगोड़ी, उमझर सरभोका, मनसुख, नगर एवं बैकुण्ठपुर में शौचालय निर्माण कार्य।	अ	19.88
19	11142	जिला बलरामपुर के शासकीय आयुर्वेद औषधालय नीलकंठपुर रनहत एवं कुसमी में शौचालय निर्माण कार्य।	अ	8.52
20	11143	जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के शासकीय आयुर्वेद औषधालय केल्हारी, कोटाडोल, घुटरा, कामरजी, कुंवरपुर, बढ़गांवकला, कछौड़, नागपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में शौचालय निर्माण कार्य।	अ	25.56
21	11144	जिला सरगुजा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय भुसू उदयपुर लुण्ड्रा, लमगांव, गेरसा, दरिमा, अम्बिकापुर, धौरपुर, उदारी, एवं जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में शौचालय निर्माण कार्य।	अ	28.40
22	11145	जिला सरगुजा के 50 बिस्तरीय सी.सी.एच.बी. भवन अम्बिकापुर में 02 नग लिफ्ट स्थापना कार्य।	अ	60.17
23	11146	जिला दंतेवाड़ा ब्लॉक कटेकल्याण के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटेकल्याण में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शेष निर्माण कार्य।	अ	37.29
24	11147	जिला सुकमा ब्लॉक छिंदगढ़ के कुंदनपाल में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शेष निर्माण कार्य।	अ	24.02
25	11148	जिला बलौदाबाजार वि.ख. कसडोल के सोनाखान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	अ	70.16
26	11149	जिला बलौदाबाजार वि.ख. पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसमंदी में 01 नग 2 जी टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	28.99
27	11150	जिला बलौदाबाजार वि.ख. पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दतान (पी) में 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	55.17
28	11151	जिला बलौदाबाजार वि.ख. कसडोल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी (ब) में 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	55.17
29	11152	जिला बलौदाबाजार वि.ख. भाटापारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिटकुली में 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	55.17
30	11153	जिला बलौदाबाजार वि.ख. बलौदाबाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाहोद में 01 नग 2 जी टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	28.99
31	11154	जिला महासमुंद वि.ख. महासमुंद के उप स्वास्थ्य केन्द्र नयापारा में 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	26.18
32	11155	जिला महासमुंद वि.ख. महासमुंद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव में 02 नग 2 एफ एवं 01 नग 2 जी टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	107.56
33	11156	जिला महासमुंद वि.ख. महासमुंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरपुर में 01 नग 2 एफ, 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	94.45
34	11157	जिला महासमुंद वि.ख. महासमुंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरकोनी में 01 नग 2 एफ, 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	94.45
35	11158	जिला महासमुंद वि.ख. सरायपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिनोधा में 01 नग 2 एफ, 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	94.45
36	11159	जिला महासमुंद वि.ख. सरायपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लंबर में 01 नग 2 एफ, 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	94.45
37	11160	जिला महासमुंद वि.ख. सरायपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंघोड़ा में 01 नग 2 एफ, 01 नग 2 जी एवं 01 नग 2 एच टाईप स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य।	अ	94.45
38	11161	जिला महासमुंद वि.

खबर संक्षेप



स्वर्ण बिन्दु प्राशन के सेवन से बच्चे हो रहे रोगमुक्त

कोरबा। चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में 5 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया गया। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार के सेवन से श्रुति सारथी एवं दिव्यांशु सारथी को चार वर्ष से कोई रोग नहीं हुआ। बच्चों की माता श्रीमती श्याम सारथी ने किया चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा का एवं संस्थान पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय का धन्यवाद जताया। संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार बच्चों में किये जाने वाले 16 मुख्य संस्कारों में से स्वास्थ्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण संस्कार है जो हजारो वर्ष पुरानी आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है। जिसका उल्लेख हमारे आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ काश्यप संहिता एवं सुश्रुत संहिता में प्रमुखता से है जो प्राचीन समय से चला आ रहा है।

शैक्षणिक संस्थानों के सौ गज दायरे में तंबाकू बिक्री करने पर होगी कार्यवाही

कोरबा। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण, युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने तथा तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नशे की रोकथाम, तंबाकू नियंत्रण, नशा मुक्ति केंद्र के संचालन, जनजागरूकता तथा अवैध नशीले पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय पर नियंत्रण से जुड़े विषयों पर विभागवार चर्चा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनने हेतु शेष शैक्षणिक संस्थानों को भी शीघ्र तंबाकू मुक्त संस्थान बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने कहा। उन्होंने तंबाकू मुक्त घोषित सभी शैक्षणिक संस्थानों में 'तंबाकू मुक्त संस्थान' का बोर्ड प्रमुखता से प्रदर्शित करने निर्देश दिए। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक का हुआ विमोचन



पाली। शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व वाणिज्य विभाग द्वारा प्रकाशित एवं आईक्युएसी प्रभारी डॉ शैख़ तस्लीम अहमद द्वारा संपादित पुस्तक हम सब भारत- सशक्त नागरिक, उन्नत राष्ट्र का विमोचन उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती रीता यादव के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाजरस द्वारा पाली कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्ययन अध्यापन, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, स्वीप, माय भारत पोर्टल आदि के सम्बन्ध में सविस्तार जानकारी दी गई। प्राचार्य द्वारा आगामी नवम्बर माह में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार के लिए आयुक्त को आमन्त्रित किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार वैद्य, शोएब अन्सारी, डॉ शैख़ तस्लीम अहमद, हर्ष पान्डेय उपस्थित थे।

पृष्ठ 1 का शेष


पति को किसी...

कारण इससे पहले भी मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। महिला मित्र मरकाम के द्वारा एसटी एससी एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई है। कटघोरा पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर माचाडोली अस्पताल में क्लर्क अंशुल सिह भारज व उसकी महिला मित्र के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की है।

निगम के कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ सेवा संकल्प अभियान शिविर

जनसमस्याओं के निराकरण का बन रहे सशक्त माध्यम : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पीएम आवास हितग्राहियों को चाबी भेंट करते उद्योग मंत्री व महापौर एवं अन्य।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत-सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर वास्तव में जनसमस्याओं के निराकरण के सशक्त माध्यम बन रहे हैं, इन शिविरो में आमजन की समस्याओं व शिकायतों का यथासंभव तुरंत निराकरण हो रहा है, साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमलोगों तक शिविरों के माध्यम से पहुंचायी जा रही है तथा योजना से जुडे.हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान कही। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने गरीबों के लिये रियायती दर पर खाद्यान्न योजना चलाया गया, जिससे हमारे प्रदेश के गरीबी परिवारों को अत्याधिक राहत मिली तथा हमारे देश के प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं चलायी जा रही है, जिसमें से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव-गांव, शहर-शहर तक सड़कों की जाल बिछाई गई है, जिससे सभी को आन-जाने के लिये सुविधाएं मिली है। इस वर्ष अत्यांधिक वर्षा होने कारण रोड़ पूरी तरह से खराब हो चुकी है, 15 अक्टूबर के बाद बारिश कम होने पर नगर निगम के सभी रोड़ सुधार कार्य व डामरीकरण कार्य कराया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों को अपना स्वयं का मकान प्राप्त हुआ है, ये ही सच्ची सेवा है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री, महापौर, अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों श्रम विभाग के द्वारा नोनीजतन योजना के तहत हितग्राहियों को 20-20 हजार रूपये का चेक के साथ अन्य विभागों के हितग्राहियों को सामग्रियाँ प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत-सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का यह आयोजन आमनागरिकों की समस्याओ के प्रति, उनकी संवेदनशीलता को प्रकट करती है, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश है कि हमें जन-जन के घर तक पहुंचकर सेवा करना है, यही सच्ची सेवा है। निगम के 67 वार्डो में सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई के कार्यो का त्वरित निदान हेतु आज सभी जोनों में शिविर का आयोजन करके आपके द्वार तक पहुंच रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमनागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान हो रहा है, उन्हें समस्याओं से राहत प्राप्त हो रही है तथा हमारा निगम लगातार जनसेवा की भावना से जनसमस्याओं को दूर कर रहा है।

बीकानेर के नेशनल डेजर्ट ट्रैकिंग कैम्प में जिले के गाइड्स एवं रेजर्स ने की भागीदारी



ट्रेकिंग कैंप में भागीदारी देते हुए गाइड्स व रेंजर्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्थान के बीकानेर में आयोजित नेशनल लेवल एनवायरमेंट अवेयरनेस कम डेजर्ट ट्रैकिंग कैम्प में कोरबा की गाइड्स एवं रेंजर्स ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय शिविर में नौ राज्यों के 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राजस्थान राज्य के देवीकुंड सागर स्थित मंडल प्रशिक्षण केंद्र को शिविर का बेस कैम्प बनाया गया था। कोरबा से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए रोवर लीडर राजीव कुमार साहू के नेतृत्व में रेंजर वर्षा साहू, अंकिता रात्रे तथा गाइड ओमेश्वरी, ऐश्वर्या कौशिक और दीप्ति ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने लगभग 50 किलोमीटर की ट्रैकिंग कर बीकानेर के रेगिस्तानी क्षेत्र की वनस्पति एवं जलवायु से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रतिभागियों ने जोड़बीड़ मरुस्थलीय क्षेत्र में पैदल ट्रैकिंग करते हुए राष्ट्रीय ऊंट अनुसंधान केंद्र का भी भ्रमण किया और मरुस्थलीय पारिस्थितिकी एवं ऊंटों से संबंधित जानकारी हासिल की। शिविर के दौरान आयोजित ग्रैंड कैम्प फायर में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने राज्य की लोक संस्कृति से जुड़े लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

करियर पब्लिक स्कूल में अंतर-सदन खो-खो प्रतियोगिता, लीडर्स ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करियर पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। चारों हाउस लीडर्स (ब्लू), कॉन्करर्स (रेड), अचीवर्स (ग्रीन) और इनोवेटर्स (येलो) सदन के खिलाड़ियों ने मैदान में दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले जावेद अख्तर, शुभम, शैलेश और विकास के निष्पक्ष निर्णयन में सम्पन्न हुए।

परिणामों की बात करें तो प्राथमिक स्तर पर कक्षा तीसरी से पांचवीं के बालक वर्ग में लीडर्स ने जीत दर्ज की, कॉन्करर्स दूसरे स्थान पर रहे। वहीं इसी वर्ग की बालिकाओं में इनोवेटर्स विजेता और अचीवर्स उपविजेता रहे। कक्षा छठवीं से आठवीं के मुकाबलों में बालिका वर्ग में अचीवर्स ने पहला स्थान हासिल किया और कॉन्करर्स को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में फिर से लीडर्स का प्रदर्शन शानदार रहा और वे विजेता बने, जबकि अचीवर्स ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग यानी कक्षा 9वीं से 12वीं में लीडर्स का दबदबा कायम रहा। बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में ब्लू यानी लीडर्स ने चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि अचीवर्स और इनोवेटर्स उपविजेता रहे।

एनएच पर रंबल स्ट्रिप, रोड शोल्डर, क्रैश बैरियर एवं स्पीडोमीटर किए जाएंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक उपायों को क्रियान्वित करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़को पर हुए सड़क हादसों के कारणों एवं संभावित परिस्थितियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सुरक्षा से जुड़े कार्यों में तत्परता के साथ कार्रवाई करने कहा।

खास बात

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, ओवरस्पीड, नशे में वाहन चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई हेतु किया निर्देशित

सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट, तीव्र मोड़ों, घाट क्षेत्रों एवं अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई को घाट क्षेत्रों में पूरे हिस्से में क्रैश बैरियर लगाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने निर्देशित किया। उन्होंने एनएच के चिन्हांकित स्थानों पर रंबल स्ट्रिप, रोड शोल्डर, क्रैश बैरियर एवं स्पीडोमीटर स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए भी कहा। उन्होंने सड़क की संरचनात्मक सुरक्षा को मजबूत करने हेतु आवश्यक स्थानों पर रोड मार्किंग, कर्व वाले क्षेत्रों में कैटआई, क्षतिग्रस्त एवं निम्न स्तर के रोड शोल्डर की मरम्मत, रेडियमयुक्त चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप और डेलिनेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ओवरस्पीड एवं शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ यातायात नियमों के उल्लंघन की रोकथाम के लिए नियमित अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, बिना नंबर प्लेट वाहन संचालित करने, नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने सहित ट्रैफिक नियमों का उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति पर विशेष निगरानी रखते हुए जागरूकता एवं कार्रवाई का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने बांधा समां





फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लेते प्रतिभागी बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 6 अक्टूबर को अग्रवाल नव युवक मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसे 3 वर्गों में विभाजित किया गया 0 से 3 वर्ष 3 से 7 वर्ष व 7 से 15 वर्ष प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा, आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुतियां कार्यक्रम में आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी पसंद के अलग-अलग पात्रों एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्वों का रूप धारण किया। कोई भगवान के स्वरूप में नजर आया तो किसी ने देशभक्ति, संस्कृति और सामाजिक संदेश से जुड़े पात्रों को जीवंत किया। नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद और प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में बच्चों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 0 से 3 वर्ष में रियांश अग्रवाल ने प्रथम तो शुभ अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 3 से 7 वर्ष में शिवाय अग्रवाल प्रथम व अर्नव बंसल ने द्वितीय स्थान हासिल किया वही 7 से 15 वर्ष की श्रेणी में कु अंशिका अग्रवाल प्रथम व आकृति व आरव अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे आयोजकों एवं उपस्थित अग्र समाज के लोगो के द्वारा प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों की प्रतिभा एवं उत्साह की भी सराहना की गई। अग्रवाल नव युवक मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की उपस्थितजनों ने जमकर सराहना की। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना है।

महाराजा अग्रसेन जयंती खेल महाकुम्भ योगा से स्वास्थ्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



योगा करते हुए।

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा फिल्मी चक्कर प्रतियोगिता अयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन जयंती खेल महाकुम्भ विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में एक अनूठी एवं स्वास्थ्यवर्धक योग चौलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अग्रवाल महिला मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों को चेलेंज के रूप में दिया गया, जिसे प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ पूरा किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को अलग-अलग प्रकार के योगासन करने की चुनौती दी गई। प्रतिभागियों ने योगासनों को सही मुद्रा एवं संतुलन के साथ करने का प्रयास किया। कई प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक लचक, एकाग्रता और संतुलन का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिए गए चैलेंज को सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में तुम हो ना (घर की सुपर स्टार) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अग्रवाल महिला मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित इस अनूठी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को घर-गृहस्थी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों के चौलेंज दिए गए। प्रतिभागियों ने प्रत्येक चौलेंज को उत्साहपूर्वक पूरा करते हुए अपने अंक बढ़ाने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के सामने अलग-अलग प्रकार के चैलेंज रखे गए। प्रत्येक चैलेंज को पूरा करने पर उन्हें निर्धारित अंक प्रदान किए गए। प्रतिभागियों के लिए यह प्रतियोगिता केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उनकी कार्यकुशलता, रचनात्मकता, तत्परता और आत्मविश्वास की भी परीक्षा हुई। एक के बाद एक चैलेंज पूरा करने के साथ प्रतिभागियों में अपने अंक बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन करने की होड़ दिखाई दी। अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि गुरूवार अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

रंगोली, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



रंगोली का निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत कार्यालय पाली में अनूठे अंदाज में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की थीम पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। रंगोली के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विकसित भारत, महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बड़ी ही खूबसूरती से उकेरा गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को इन योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती संजू देवी जायसवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन प्रतिनिधि के रूप में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर पंचायत पाली की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संजू जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती श्यामा पांडे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती नंदनी जायसवाल, महिला मोर्चा कार्यालय प्रभारी पल्लवी जायसवाल, जनपद पंचायत सीईओ मोहनीश आनंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की बहनें, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ०ग०)

आम ईश्तहार/नोटिस

प्रो० नं० 132/26
उत्तराधिकार प्रकरण कमांक:-17/2026
पेशी तारीख 26.10.2026
श्रीमती राजकुमारी कंवर व अन्य आवेदिकागण
बनाम
जिला कार्यालय रायगढ़ व अन्य अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदिकागण श्रीमती राजकुमारी कंवर व अन्य के द्वारा जिला कार्यालय रायगढ़ व अन्य के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत राजेश सिंह कंवर (मृत्यु, दिनांक 22.04.2026) द्वारा जिला कार्यालय रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) के विभाग में जमा राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 26.10.2026 है।

अतः अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.10.2026 को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 05/10/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(कु. मयूरा गुप्ता)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला (छ.ग.)

खबर संक्षेप

नोटिस के बाद भी नहीं मिला जवाब, प्रदूषण जांच केन्द्र निलंबित

कोरबा। जिला परिवहन अधिकारी ने पासवान प्रदूषण जांच केन्द्र भिलाईखुर्द वार्ड नं.6 मेन रोड बरबसपुर के संचालक परमेश्वर पासवान को 7 अक्टूबर को आदेश जारी किया है कि प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनई 7735 के लिए 7 नवंबर 2025 को प्रदूषण जांच प्रमाण-पत्र जारी किया गया था। जारी किया गया प्रमाण-पत्र परिवहन विभाग की अधिकृत मोर्थ पोर्टल में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिससे वाहन स्वामी पर वायु प्रदूषण जांच अधिनियमके अंतर्गत 800 रू. का चालान अधिरोपित हो गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने इस मामले में परमेश्वर पासवान को 9 अगस्त को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर कर्ता के समक्ष अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया था। निर्देश के परिपालन में परमेश्वर पासवान ने कोई जवाब व स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जिससे यह स्पष्ट होता है कि संचालक द्वारा जान बूझकर नियम विपरीत प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। इसलिए पासवान प्रदूषण जांच केन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान परमेश्वर पासवान प्रदूषण जांच केंद्र से परिवहन संबंधी कोई भी कार्य संपादित नहीं किया जाएगा।

आंगनबाड़ी केंद्र में मिलन एवं सेवा समारोह का हुआ आयोजन



पोड़ीउपरोड़ा। पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के मड़ई पंचायत में जन सेवा से देश सेवा की भावना के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में मिलन एवं सेवा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण, बच्चों के स्वास्थ्य, बाल विकास और आंगनबाड़ी सेवाओं को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं और ग्रामीणों के साथ बच्चों की देखभाल एवं पोषण आहार को लेकर सहज और हल्के-फुल्के अंदाज में संवाद किया गया। कार्यक्रम का माहौल उस समय और भी खुशनुमा हो गया, जब गंभीर विषयों के बीच मौजूद लोगों के साथ सहज बातचीत और हंसी-मजाक का दौर चला। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जेपी सिंह, सरपंच बरतु टोप्पो, शिक्षक केएल बरेठ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणजन मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा से देश सेवा के संदेश को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम के माध्यम से पोषण और बाल विकास से जुड़ी सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

फेस्टिवल सीजन में असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

कोरबा। आश्विन नवरात्र पर्व 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। 9 दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान हर कहीं भीड़भाव का माहौल रहेगा। इस दौरान पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए पुलिस की नजर अराजक तत्वों पर रहेगी ताकि अनहोनी को रोका जा सके। जानकारी के अनुसार मंदिरों से लेकर दुर्गा पूजा पंडाल में पर्याप्त संख्या में वर्दी में पुलिस जवान लगाए जाएंगे। महिला पुलिस भी यहां पर डिप्लोय की जाएगी। इसके अलावा सिविल यूनिफॉर्म में निगरानी के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके जरिए आसपास में क्राउड के बीच होने वाली हरकतों को नियंत्रित किया जा सकेगा। पुलिस का ऐसा अनुभव है कि बीते वर्षों में फेस्टिवल सीजन में आसपास से चोरी चकारी के साथ-साथ पिक पॉकेट सिंडिकेट कोरबा में पहुंचने के साथ आम लोगों को नुकसान पहुंचाता रहा है। इसलिए अब इस मामले में भारी सतर्कता बरतने को जरूरी माना गया है। बताया गया कि उन स्थानों को आईडेंटिफाई कर लिया गया है जहां पर बीते वर्षों में इस प्रकार की घटनाएं हुई है और लोगों की भीड़ भी कार्यक्रम में रहती है।

संस्कार आंगन मिलन कार्यक्रम में सम्मानित हुईं आंबा कार्यकर्ता व सहायिका



हरदीबाजार। विकासखंड पाली अंतर्गत संस्कार आंगन मिलन कार्यक्रम ग्राम पंचायत भलपहरी के आंगनबाड़ी केंद्र गोड़पारा में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल पटेल उपस्थित होकर। गर्भवती माताओं के गोद भराई रस्म एंव शिशुवती माताओं के शिशुओं का अन्नप्राश्न कराया गया। एंव आंगन बाड़ी के कार्यकर्ताओं एंव सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए उनको श्रीफल,गमछा एंव प्रशस्तिपत्र देकर उनका सम्मान किया गया। श्री पटेल ने अपने संम्बोधन में केंद्र एंव राज्य सरकार के योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए। शासन के योजना का अधिक से अधिक लाभ लेनें का आह्वान किया। इस अवसर पर सरपंच सावित्री कामता मरावी, उपसरपंच प्रहलाद राठौर, दुर्गेश कश्यप, संतोष राठौर, मोहन राठौर, शम्मी सिदार, सेक्टर सुपरवाइजर भगवती साहू, तुलसी शर्मा, शीतला राज सहित कार्यकर्ता सहायिका मितानिन एंव हितग्राही उपस्थित रहे।

जिले के शॉपिंग मॉल व सिनेमा गृहों में पार्किंग शुल्क पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्णय का दिया हवाला

कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और शॉपिंग मॉल में पार्किंग शुल्क की वसूली को लेकर अब बड़ा फैसला राज्य उपभोक्ता आयोग ने किया है। रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा अंबूजा सिटी सेंटर माल के खिलाफ पारित आदेश को उचित ठहराते हुए अंबूजा मॉल में दोपहिया और चारपहिया वाहनों से पार्किंग शुल्क की वसूली को अवैध माना गया है।

राज्य उपभोक्ता आयोग के फैसले का हवाला देकर अधिवक्ता संगीता चौहान ने कोरबा के शापिंग मॉल और सिनेमा हॉल में पार्किंग शुल्क वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। अपने पत्र में अधिवक्ता का कहना है कि लंबे समय से मॉल और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में पार्किंग के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है जबकि यह ग्राहकों को निःशुल्क उपलब्ध कराना चाहिए। ग्राम तथा नगर निवेश तथा नगर निगम द्वारा सभी शॉपिंग



मॉल, सिनेमा हॉल के लिए स्वीकृत कराए गए नक्शा में सार्वजनिक पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाता है और उसी आधार पर शॉपिंग मॉल को भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की जाती है। सार्वजनिक पार्किंग स्थल में पार्किंग शुल्क को आमदनी का जरिया नहीं बनाया जा सकता। रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने मॉल में दोपहिया और चारपहिया वाहनों से पार्किंग शुल्क की वसूली को अवैध करार देते हुए इसे तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया था। इस आदेश को राज्य उपभोक्ता आयोग ने भी सही माना है। ऐसे में राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेश का प्रभाव प्रदेश के सभी क्षेत्रों पर भी लागू रहेगा। अब मामले में लोगों की नजर इस बात पर है कि मॉल और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में पार्किंग शुल्क की वसूली कोरबा में बंद होगी की नही। निगम प्रशासन द्वारा निर्णय नहीं लेने पर यह मामला जिला उपभोक्ता आयोग में ले जाने की तैयारी है।

पहले दिन 10 गांव के लिए जारी किया गया आदेश, देर रात सभी गांवों का जारी होगा

दो साल बाद हटा 51 गांव की रजिस्ट्री में लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्ष 2024 में जिले के तीन अनुभाग के 51 गांव के रजिस्ट्री पर लगा हुआ ब्रेक बुधवार को हटा दिया गया। दो साल बाद ब्रेक हटने के बाद अब पंजीयन ऑफिस में इन गांवों की जमीनों की खरीदी बिक्री के पंजीयन का कार्य शुरु हो जाएगा। पंजीयन पर ब्रेक लगने से कोरबा रजिस्ट्री दफ्तर को राजस्व का नुकसान झेलना पड़ा था। लक्ष्य को प्राप्त करना भी विभाग के लिए कठिन हो गया था।

खास बातें

- अकेले कोरबा तहसील के शहर और ग्रामीण अंचल के 21 ग्राम हुए थे प्रभावित
- एनएचएआई और एसईसीएल के बीच जमीन को लेकर चल रही थी अड़चन

उरगा से कटघोरा फोर लेन सड़क निर्माण को लेकर एसईसीएल और एनएचएआई के बीच खदानों के विस्तार और जमीन के मशले को लेकर एलाईनमेंट फाइनल नहीं हो पा रहा था जिसके कारण 51 गांव के रजिस्ट्री पर लगा हुआ ब्रेक नहीं हट सका था। उरगा से कटघोरा फोर लेन सड़क की अनुमति मिलने के बाद 29 अक्टूबर 2024 को राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने कोरबा, अजगरबहार, कटघोरा, पोड़ीउपरोड़ा तहसील के 51 गांव की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई थी। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित कोरबा तहसील के शहर के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्राम शामिल थे। शहर के विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान के अंतर्गत आने वाली जमीन भी इसी प्रतिबंध में शामिल थी। लिहाजा ऐसे ग्रामों की जमीनों के अधिग्रहण का काम भी प्रशासन नहीं कर पा रहा था, बीते दो वर्ष से एनएचएआई फोरलेन सड़क के एलाईनमेंट को फाइनल नहीं कर सका था। इसमें एसईसीएल की मानिकपुर खदान के विस्तार के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन रोड़ा बन रही थी। काफी प्रयास के बाद एसईसीएल और एनएनएचआई के अधिकारियों की बैठक लेकर जमीन के मसले का निराकरण किया गया। दोनों केंद्री उपक्रमों के द्वारा आपसी सहमति दिए जाने के बाद जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर बुधवार से रजिस्ट्री पर लगे ब्रेक को हटा दिया है।



फाइल फोटो

शहर के गांव की जमीने नहीं बिक पा रही थी

रजिस्ट्री पर रोक लगने के कारण शहर के दादरखुर्द, खरमोरा, नकटीखार, झगरहा, भुलसीडीह, पाड़ीमार, रिस्दा, रिस्दी जैसे ग्रामों की जमीन नहीं बिक पा रही थी। हालांकि आपसी अनुबंध के आधार पर क्रेता विक्रेता के बीच खरीदी हो रही थी लेकिन उक्त संपत्ति का पंजीयन ऑफिस में रजिस्ट्री नहीं हो रही थी। जिसके वजह से प्रशासन के भी ऐसे बड़े काम जिसके लिए जमीनों का अधिग्रहण किया जाना था वह भी रुका हुआ था।

ऐसे निकला मसले का हल

प्रशासन के द्वारा एनएचएआई और एसईसीएल के अधिकारियों के बीच लगातार कई दौर की बैठक कराई गई। दोनों के बीच जमीन अधिग्रहण और खदान विस्तार का मुद्दा अटका हुआ था। अधिकारियों के बीच बैठक लेकर प्रशासन ने जमीन मुद्दे को हल करते हुए रास्ता निकाला कि जहां एसईसीएल के खदान की वजह से एनएचएआई के फोर लेन सड़क निर्माण में अड़चन आएगी वहां एसईसीएल प्रबंधन को निर्णय लेना पड़ेगा और जहां एसईसीएल प्रबंधन को खदान विस्तार के दौरान सड़क निर्माण की जमीन आती है तो उसपर एनएचआई को फैसला लेना होगा।

प्रतिबंध हटाया गया

एनएचएआई और एसईसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर जमीन को लेकर आ रही अड़चन का निराकरण करने के बाद 51 गांव की जमीनों की रजिस्ट्री पर लगे हुए प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

-कुणाल दुदावत, कलेक्टर

हाई स्कूल बड़मार के विद्यार्थियों ने कोरबा पावर लिमिटेड का किया शैक्षिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण में उपस्थित स्कूल के छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय हाई स्कूल बड़मार, विकासखंड करतला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उड़ान प्रोजेक्ट के अंतर्गत 7 अक्टूबर को अडानी पावर लिमिटेड, कोरबा का शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विशाल विद्युत उत्पादन संयंत्र का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया, संयंत्र में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीक तथा विभिन्न मशीनों एवं उपकरणों के कार्यों को नजदीक से समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अडानी पावर लिमिटेड के प्रतिनिधि प्रेम कुमार साहू द्वारा विद्युत उत्पादन प्रक्रिया को समझाया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया में ईंधन प्रबंधन एवं कोल हैंडलिंग सिस्टम, बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर, कंडेंसर, कूलिंग सिस्टम, राख प्रबंधन प्रणाली, विद्युत नियंत्रण कक्ष तथा स्विचयार्ड जैसे महत्वपूर्ण संयंत्र एवं उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने इन विभिन्न इकाइयों के कार्यों को समझते हुए यह जाना कि किस प्रकार विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरकर विद्युत का उत्पादन एवं उसका ग्रिड तक प्रेषण किया जाता है। विद्यार्थियों ने संयंत्र में स्थापित विशाल मशीनरी, पाइपलाइन, नियंत्रण एवं निगरानी प्रणालियों, विद्युत उत्पादन से संबंधित उपकरणों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

दीपका खदान में डंपर में लगी आग चालक की सूझ बूझ से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका कोयला परियोजना में खनन कार्य में लगी निजी कंपनी कलिंगा कमर्शियल के डंपर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि करीब 2 करोड़ रुपये की लागत का यह अत्याधुनिक वाहन पूरी तरह से जलकर लोहे के कंकाल में तब्दील हो गया। हालांकि चालक की त्वरित सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

खास बात

- आगजनी से निजी कंपनी का 2 करोड़ का डंपर जलकर खाक

जानकारी के अनुसार कलिंगा कंपनी का यह डंपर खदान के भीतर परिचालन में था, तभी अचानक इसके इंजन से तेज धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। प्राथमिक जांच में इस अग्निकांड की वजह इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर मौजूद कर्मचारियों को संभलने या वाहन के भीतर रखे अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करने का मौका तक नहीं मिला। आसमान में उठे काले धुएं के गुबार को कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल का सुरक्षा दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह नष्ट हो चुका था कंपनी प्रबंधन ने इस भारी वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये आंकी है।


आग की लपटों से घिरा डंपर।

रखरखाव और सुरक्षा ऑडिट पर गंभीर सवाल

भले ही इस हादसे में चालक की जान बाल-बाल बच गई हो, लेकिन इस घटना ने एशिया की सबसे बड़ी खदानों में शुमार दीपका क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की पोल खोल दी है। खदान के भीतर चौबीसों घंटे चलने वाले इन भारी वाहनों के नियमित रख-रखाव और उनमें लगे फायर सप्रेशन सिस्टम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। डीजीएमएस के कड़े नियमों के बावजूद निजी कंपनियों द्वारा सुरक्षा में की जा रही इस तरह की चूक भविष्य में किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे सकती है।

मानव सेवा मिशन ने वृद्धजनों को कराया भोजन, भेंट की व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको

मानव सेवा मिशन, बालको संयंत्र में कार्य करने वाले युवाओं की एक समाजसेवी संस्था है, जो पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों, निर्धन विद्यार्थियों एवं बेजुबान पशु-पक्षियों की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही है। पितृ पक्ष के पावन अवसर पर मानव सेवा मिशन द्वारा आज प्रशांति वृद्धा आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के लिए भोजन सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा सीमा अमित स्वर्णकार के सौजन्य से संपन्न हुई। इस दौरान मिशन के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ आत्मीय समय बिताया और उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन परोसा। इस अवसर पर बालको हॉस्पिटल में कार्यरत अरुण तिवारी की ओर से प्रशांति वृद्धा आश्रम को एक व्हीलचेयर भी भेंट की गई। व्हीलचेयर मिलने से आश्रम के वृद्धजनों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा मिशन द्वारा जरूरतमंद परिवारों, निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों तथा बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन, राशन, कपड़े, शैक्षणिक सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पानी एवं भोजन की व्यवस्था की जाती है। मानव सेवा मिशन द्वारा हाल ही में कैंसर से पीड़ित एक मरीज के उपचार के लिए 40 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर केशव चन्द्रा, रामसहाय पटेल, अमित स्वर्णकार, माधुरी चन्द्रा, स्मिता पटेल, सीमा स्वर्णकार, प्रशांति वृद्धा आश्रम के संचालक वीरू यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


व्हीलचेयर भेंट करते मानव सेवा मिशन के सदस्य।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

नाबालिग छात्रा से बलात्कार की कोशिश, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार शाम एक नाबालिग छात्रा से जंगल रास्ते में बलात्कार की कोशिश काम मामला सामने आया है। गांव के ही एक परिचित युवक द्वारा इस कृत्य को अंजाम दिया गया। हालांकि पीड़िता ने उसकी गलत मंशा भांप कर वहां से भाग कर अपनी अस्मत बचाई। मामले में पुलिस द्वारा पीड़िता की शिकायत दर्ज कर आरोपी युवक की पतासाजी शुरु कर दी गई है।

खास बात

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, पीड़िता ने भाग कर बचाई थी जान

जानकारी के मुताबिक दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत 12 वर्ष की छात्रा को उसके दादा ने खराब टीवी को बनवाने के लिए बोला था। गांव का ही युवक नंदू टीवी बनाने का काम करता है। दादा के कहने पर पोती नंदू को बुलाने के लिए गई। शाम करीब 6 बजे नंदू टीवी बनाने के लिए दादा के पास पहुंचा। उसने देखने के बाद बताया कि इसे पास के ही पुनर्वास ग्राम में टीवी मैकेनिक के पास ले जाना होगा जो ठीक कर सकता है। इसके बाद उसने छात्रा को बार-बार प्रेशर देकर अपने साथ चलने के लिए तैयार किया और टीवी लेकर दोनों पैदल करीब 70 से 80 मीटर दूर स्थित पुनर्वास ग्राम पहुंचे। यहां संबंधित व्यक्ति के पास टीवी छोड़कर दोनों वापस गांव लौट रहे थे। पैदल गांव के पगडंडी रास्ते से आते वक्त आरोपी युवक ने नाबालिग छात्रा को दूसरे रास्ते से चलने के लिए कहा और जल्दी पहुंचेंगे ऐसा झांसा देकर उस रास्ते से ले जाने लगा। शाम करीब 7 बजे छात्रा के साथ उस युवक के द्वारा जंगल मार्ग में जोर जबरदस्ती की जाने लगी। युवक की मंशा को भांप कर छात्रा ने हिम्मत जुटाई और किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची। जानकारी होते ही छात्रा के परिवार वालों ने गांव वालों की मदद से आरोपी युवक को पकड़ लिया और आरोपी के घर में ही उसे कमरे में बंद कर बाहर से सिटकनी लगा दिया। बताया जा रहा है कि रात में वह अपने घर के कमरे से निकलकर फरार हो गया। इधर आज सुबह दर्री थाना पहुंच कर पीड़िता ने मामले के रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के बाद फरार आरोपी की तलाश की जा रही है वहीं इस घटना के बाद गांव में आरोपी युवक को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है।

सेजस में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



चैतमा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हेल्थकेयर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 4 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं स्थानीय ग्रामवासियों ने लाभ उठाया। मरीजों को प्राथमिक उपचार, विशेषज्ञ परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीएस रस्तोगी ने बीमारियों के बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की एलोपैथी टीम ने मरीजों का बीपी शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड टेस्ट सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मैक्स डेंट केयर के डेंटल सर्जन एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल मिश्रा तथा कॉस्मेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. शिब्या सिंह ने दांतों की सुरक्षा से जुड़ी सलाह दी।

